Title: Regarding need to bring a white paper on Printing/circulation of fake currency notes in the country - Laid.

श्री चन्द्रेश पटेल (जामनगर) : गुजरात एवं देश के विभिन्न स्थानों में हाल में जाली नोट का व्यापार हो रहा है एवं जाली नोटों का कार्य में जुटे गिरोह पकड़े गए।

इन जाली नोटों से देश के आर्थिक प्रगति पर बहुत बुरा असर पड़ता है। एवं देश की आर्थिक व्यवस्था छिन्न-भिन्न होती है।

इन जाली नोट बनाने छापने तथा वितरण व्यवस्था में पाकिस्तान के आई एस आई एवं अन्य देशों का भी हाथ होता है। इसकी पूरी छानबीन होनी चाहिए तथा मेरी सरकार से पुरजोर मांग है कि पूरे तथ्यों के साथ सरकार एक श्वेतपत्र जारी करे ताकि इस कांड में शामिल सब भंडा फूटे एवं देश के सामने सारी परिस्थिति आए।